Title: Request to Central Government regarding sending Team to look into matter of recent killing of innocentin Saran District including four year old kid, Caste-based census, disrupted Internet Services.

श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) : महोदय, कश्मीर में एक समय हुआ करता था, जब आतंकवादी निकलते थे और हम 10-15 साल पहले देखते थे कि इंटरनेट की सुविधा बंद की जाती थी, क्योंकि आतंकवादी गतिविधियां होती हैं, लेकिन दुर्भाग्य है कि आज बिहार में मेरे जिले में पिछले 10 दिनों से इंटरनेट की सेवाएं बंद की गई हैं। वह इसलिए बंद की गई हैं कि वहां इस प्रकार का अपराध हुआ है, हत्या हुई है और निर्मम बच्चों को मार दिया गया है, जो एक जाति समाज से थे। वहां आपराधिक वारदात इतनी बढ़ गई हैं कि विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सारण जिले में इंटरनेट को बंद किया गया है। जिस प्रकार से एक जाति समुदाय के इन बच्चों की निर्मम हत्याएं की गई हैं, ये आपराधिक तत्व आज बिहार में हावी हो गए हैं। बिहार की जो स्थिति है, एक तरफ जातीय जनगणना करवाकर बिहार को जातियों में बांटने का प्रयास करते हैं, दूसरी तरफ जातीय उन्माद पैदा करके इन बच्चों की मौत और कल भी राहुल नाम का बच्चा अस्पताल में मर गया।

मैं आपसे मांग करता हूं और सदन से मांग करता हूं कि बिहार में जिस प्रकार से जातीय जनगणना करवाकर बिहार की सरकार जातीय उन्माद पैदा कर रही है और गांव-गांव में झगड़ा हो रहा है। मैं आपसे मांग करूंगा कि बिहार की स्थिति को देखते हुए सेंट्रल से बिहार टीम भेजी जाए, क्योंकि सारण में पहले भी इसी जिले में 150 लोग जहरीली शराब पीकर मरे थे और आज इंटरनेट बंद करके ऐसे गरीब बच्चों की हत्या की गई है। मैं आपके माध्यम से सेंट्रल की टीम को भेजने की मांग करता हूं।